दैनिक जागरण 21/03/2025

# एआइ की भविष्य में जरूरतों के प्रति किया जागरूक



कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करती वक्ता। • सौजन्य विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता • अंबाला :** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज द्वारा राजकीय पीजी कालेज अंबाला छावनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राजकीय पीजी कालेज की प्रिंसिपल रेणु ऋषि विशेष रूप से मौजूद रहीं। जीएमएन कालेज के संकाय डा. गीता कौशिक, कमलप्रीत कौर, रीतिका राय ने विद्यार्थियों से उक्त विषय पर बात की। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों की मौलिक एआइ अवधारणाओं, अनुप्रयोगों और भविष्य की संभावनाओं की समझ को बढ़ाना है संचालन डीन डा. प्रबलीन कौर ने किया। प्रिंसिपल डा. रोहित दत्त ने कहा वे इस कार्यक्रम के स्वरूप को लेकर बहुत आशावादी हैं और उम्मीद करते हैं कि इस तरह के सेमिनार से हम समाज में कुछ बदलाव ला पाएंगे।